तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 13 जुलाई 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


2 स्टेडियम के छोटे से कमरे में संचालित हो रहा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय




## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - मो.- 76972 12782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

**आवेदन की अंतिम तिथि 20/07/2024**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



Advt.



SALE
END OF SEASON SALE
UP TO 60% OFF
निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड
द फैशन मॉल



KILLER
SALE
UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE
OLD BUS STAND - AMBIKAPUR
CALL- 7400849887



अंश COMPUTER EDUCATION
PGDCA
DCA
BA, MA, PGDRD, B.LIB, B.Sc..
अंश कम्प्यूटर सेंटर
जिला - बलरामपुर
8964951878



प्रवेश सूचना

| | |
|---|---|
| BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा |
| DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन |
| D.Pharma (3 years) डी .फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक |

साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000



(अम्बिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अम्बिकापुर)
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.)
New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन,पत्राचार, नियमित)
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छुट
अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन
स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण
प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में
(कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर
मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561


## बीम की ढलाई पूर्ण लेकिन सेंट्रिंग खुलने में लगेगा एक और महीना

# महामाया प्रवेश द्वार निर्माण के लिए एक माह की मोहलत खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महामाया प्रवेश द्वार निर्माण के नाम पर मार्ग को बंद करने के लिए निगम द्वारा ली गई एक माह की मोहलत खत्म हो गई। एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी प्रवेश द्वार के बीम निर्माण का काम पूर्ण नहीं हो पाया है। बड़ी मुश्किल से डेढ़ माह में सिर्फ ढलाई का काम ही हो पाया है ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि आगामी और एक माह तक लोग इस मार्ग का उपयोग आवागमन के लिए नहीं कर पाएंगे। ढलाई को सूखने और सेट होने में फिलहाल समय लगेगा तब तक सेंट्रिंग खोलने का काम नहीं किया जा सकता है। अधिकारी सेंट्रिंग खुलने में 25 दिनों का समय लगने की बात कह रहे है।

**खास बात**
- लेटलतीफी से बढ़ी परेशानी

बता दें कि नगर निगम द्वारा शहर के महामाया मंदिर से पहले चौक पर भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जा रहा है। लगभग 53.29 लाख रुपए की लागत से भव्य प्रवेश द्वार बनवाया जा रहा है जिसकी ऊंचाई 34 फीट होगी व निर्माण के बाद प्रवेश द्वार से 23 फीट की ऊंचाई का ग्राउंड क्लियरेंस मिलेगा। वहीं इस द्वार की कुल चौड़ाई 60 फीट होगी जिसमें दोनों तरफ दो-दो कॉलम होंगे। इसके साथ ही द्वार से 40 फीट की चौड़ाई में रास्ता मिलेगा। महामाया प्रवेश द्वार निर्माण में राजस्थान के पिंक सैंड स्टोन का उपयोग किया जा रहा है। महामाया प्रवेश द्वार निर्माण के तहत दोनों ओर के कॉलम का काम पूर्ण होने के बाद ढलाई का काम किया गया है लेकिन ढलाई के कार्य हेतु नगर निगम प्रशासन द्वारा इस मार्ग को एक माह के लिए बंद करने की सूचना जारी की गई थी। निगम आयुक्त द्वारा 28 मई को इस संबंध में सूचना जारी की गई थी और लोगों से परिवर्तित मार्गों से आवागमन करने का आह्वान किया गया था लेकिन नगर निगम द्वारा ली गई एक माह की मोहलत समाप्त हो चुकी है। निगम के अधिकारियों ने मुख्य मार्ग का आवागमन बंद करा दिया लेकिन निर्माण कार्य को पूर्ण करने को गंभीरता से नहीं लिया। यही वजह है कि डेढ़ माह का समय बीत जाने के बाद भी महामाया प्रवेश द्वार के ढलाई का काम पूर्ण नहीं हो पाया है।



निर्माणाधीन महामाया प्रवेश द्वार।

### मार्ग बंद होने से लोगों में नाराजगी

महामाया प्रवेश द्वार निर्माण के कारण मुख्य चौक पर आवागमन बंद कर दिया गया है। ऐसे में इस मार्ग से महामाया मंदिर, घुटरापारा, श्रीगढ़, नवागढ़ जाने वाले लोगों को वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करना पड़ रहा है। लोग चांदनी चौक से घुटरा पारा रोड, खरसिया रोड से नवागढ़ मार्ग, हरसागर तालाब के सामने से फारुख इदरीसी के घर वाले मार्ग का उपयोग कर रहे है। ऐसे में इन मार्गों में भी यातायात का दबाव बढ़ गया है। सबसे बड़ी समस्या चांदनी चौक से घुटरापारा रोड पर है। सड़क पर जगह जगह बने गड्ढों के कारण लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस मार्ग में ओपीएस स्कूल संचालित है और इस स्कूल में हजारों की संख्या में बच्चे पड़ते है। स्कूल खुलने के बाद से बच्चों का मार्ग लोहे की सेंट्रिंग के कारण बंद हो गया है। ऐसे में लोगों में लेटलतीफी को लेकर भरी नाराजगी है।

### दो दिनों में की गई ढलाई

महामाया प्रवेश द्वार की ढलाई का काम काफी धीमी गति से चला। सेंट्रिंग का काम पूर्ण होने के बाद इसे लम्बे समय तक छोड़ दिया गया। अब बताया जा रहा है कि दो बार में प्रवेश द्वार के लिए बीम की ढलाई का काम किया गया है। ढलाई का काम पूर्ण होने के बाद भी फिलहाल सेंट्रिंग खुलने में एक माह का समय लगने की संभावना जताई जा रही है जिसके बाद ही शेष बचे पिंग सैंड स्टोन व अन्य कार्य किए जाएंगे। ऐसे में लोगों को आने वाले एक महीने तक और भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### दिया गया है निर्देश

गुरुवार को ही बीम की ढलाई का काम पूर्ण हुआ है। तकनीकी रूप से काम में देरी हो रही है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि जल्द से जल्द काम पूर्ण कर आवागमन शुरू कराया जाए।

-डॉ. अजय तिर्की
महापौर



## 110 नग नशीली कफ सिरप के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 110 नग अवैध नशीला कफ सिरप बरामद किया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर घेराबंदी कर झारखंड गढ़वा के गोरमाना अंतर्गत ग्राम भंवरी निवासी 42 वर्षीय संजय कोरवा आ. देवलाल कोरवा व 22 वर्षीय अनूप कोरवा आ. संजय कोरवा को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली गई। आरोपियों के पास से प्लास्टिक बोरी में रखा 110 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। आरोपी शहर के सनराइज स्कूल रोड में रहकर नशे का कारोबार कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों से 88 हजार रुपए का नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, एसआई सेतराम गहीर, एएसआई अजीत मिश्रा, आरक्षक अनुज जायसवाल, जितेश साहू, मंटू गुप्ता, शिव राजवाड़े, विवेक राय शामिल रहे।

## कोदो खाकर एक ही परिवार के चार सदस्य बीमार

**वाड्रफनगर।** एक ही परिवार के चार सदस्यों को फूड प्वाइजनिंग की शिकायत पर सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। परिवार के सदस्यों ने भोजन के दौरान अत्यधिक मात्रा में कोदो का सेवन कर लिया था जिसके बाद उनकी तबियत बिगड़ गई। फिलहाल ग्रामीणों का उपचार सिविल हॉस्पिटल में जारी है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के ग्राम ढढ़ीया से एक ही परिवार से चार सदस्यों को आज दोपहर उल्टी और नशे की शिकायत पर सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। बीमार लोगों में दो बच्चे भी शामिल है। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि घर में परिवार के चार सदस्यों ने कोदो का सेवन किया था जिसके बाद उन्हें नशा हो गया और उल्टी शुरू हो गई। आनन फानन में सभी को उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। फिलहाल इनमें से दो की हालत गंभीर है और चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों का उपचार किया जा रहा है।

## नाना के घर घूमने गए सगे भाई-बहन की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

घर के सामने खोदे गए गड्ढे में गिरकर सगे भाई बहन की मौत हो गई। बच्चे अपने नाना-नानी के घर घूमने गए हुए थे। नाना के घर कॉलम खड़ा करने के लिए जेसीबी से गड्ढा खोदा गया था और बारिश के कारण गड्ढे में पानी भर गया। घंटों बाद दोनों बच्चों को निकालकर परिजन द्वारा उन्हें बाहर निकाला गया लेकिन तब तक दोनों की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में मातम पसर गया है।

- ग्राम केसारी की घटना, कॉलम तैयार करने खोदा गया था गड्ढा, भर गया बारिश का पानी

बताया जा रहा है कि ग्राम बेतो निवासी धीरेन्द्र कुमार जायसवाल की पत्नी अपने दो बच्चों 6 वर्षीय कार्तिक जायसवाल व 5 वर्षीय दीपा जायसवाल के साथ अपने मायके रघुनाथनगर थाना अंतर्गत ग्राम केसारी गई हुई थी। बताया जा रहा है कि मृतक के महिला के मायके में घर बनाने का काम चल रहा था। मकान निर्माण के लिए परिजन द्वारा घर के सामने ही जेसीबी से गड्ढा खोदा गया था और मिट्टी निकालकर कॉलम में डाला गया था। कॉलम बनाने के लिए लगभग 4 से 5 फीट का गड्ढा खोदा गया था लेकिन इससे पहले वे गड्ढे को बंद करते बारिश के कारण उसमें पानी भर गया था। बताया जा रहा है कि आज सुबह 7-8 बजे दोनों बच्चे घर के सामने ही खेल रहे थे और संभावना जताई जा रही है कि खेलते हुए ही बच्चे पैर फिसलने से गड्ढे में गिर गए। एक घंटे तक जब बच्चे नजर नहीं आए तो परिजन ने उनकी खोजबीन शुरू की लेकिन बच्चे नजर नहीं आ रहे थे। जब परिजन कॉलम बनाने के लिए खोदे गए गड्ढे के पास पहुंचे तो उन्हें कुछ अंदेशा हुआ जिसके बाद गड्ढे में उतरकर देखा गया तो उनके होश उड़ गए। आनन फानन में कार्तिक व दीपा जायसवाल को बाहर निकला गया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद रघुनाथनगर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर बच्चों के शव पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। इस घटना के बाद माता पिता व परिजन का रो रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।







## खाद्यान्न वितरण में अनियमितता, समूह की अध्यक्ष, सचिव समेत चार पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दस लाख रुपए का राशन गबन करने के मामले में पुलिस ने समूह के संचालक, सचिव समेत चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने खाद्य निरीक्षक की शिकायत पर कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान नारायणपुर का संचालन चांदनी महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जा रहा था। समूह द्वारा उचित मूल्य दुकान संचालन के दौरान समूह की अध्यक्ष आसमा पति जसिक मोहम्मद, सचिव रैमुन निशा पति शमीम, विक्रेता सर्किल आ. शमीमुद्दीन, सहायक विक्रेता अजहर अली आ. सहबान द्वारा राशन हेराफेरी की शिकायत मिली थी।

- रामानुजनगर क्षेत्र का मामला, जांच के बाद की गई कार्रवाई

शिकायत के बाद कलेक्टर के निर्देश कर खाद्य निरीक्षक नीलम ग्रेस मिंज द्वारा मामले की जांच की गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि उचित मूल्य दुकान में तिरंगा रंग रोगन व दुकान संचालन से संबंधित आवश्यक जानकारी सूचना पटल पर नहीं लगाई गई थी। इसके साथ ही दुकान में 88 राशन कार्डधारियों का ई पॉस मशीन में स्कैन करा लिया गया लेकिन उन्हें खाद्यान्न चावल 58.09 क्विंटल, शक्कर 0.96 क्विंटल, नमक 1.94 क्विंटल एवं चना 1.94 क्विंटल का वितरण नहीं किया गया। स्टॉक मिलान के दौरान भी समिति से चावल 195.89 क्विंटल, शक्कर 1.94 क्विंटल, नमक 7.04 क्विंटल एवं चना 6.54 क्विंटल का कम मिला। इस तरह जांच में चावल 253.98 क्विंटल, शक्कर 2.90 क्विंटल, नमक 8.98 क्विंटल एवं चना 8.48 क्विंटल की गड़बड़ी पाई गई। गड़बड़ी किए गए राशन की कीमत 10 लाख 53 हजार 236 रुपए है। जांच के बाद समूह के अध्यक्ष, सचिव व अन्य को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया लेकिन उन्होंने अनियमितताओं को लेकर संतोषजनक जवाब पेश नहीं किया गया। ऐसे में प्रशासन द्वारा समूह का आबंटन निरस्त क्र फूलमती महिला स्वयं सहायता समूह भुवनेश्वरपुर को दुकान संचालन की अनुमति दी गई है। वहीं मामले में समिति की अध्यक्ष आसमा, सचिव रैमुन, विक्रेता शकील, सहायक विक्रेता अजहर अली के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

### खबर संक्षेप

#### साहित्यकार रसिक की स्मृति में भजन संध्या आज

**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार रामप्यारे रसिक की स्मृति में उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर भारतेंदु साहित्य कला व समिति द्वारा 13 जुलाई को स्टेडियम ग्राउण्ड स्थित भारतेंदु भवन में शाम 4.30 बजे भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। समिति की अध्यक्ष श्रीमती नीलिमा मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय कलाकार आकर्षक भजनों की प्रस्तुति देंगे।

#### ग्राम पंचायत पचिरा सचिव निलंबित जांच में पाया गया दोषी

**सूरजपुर।** ग्राम पंचायत पचिरा, जनपद पंचायत सूरजपुर के शिकायती पत्र की जिला स्तरीय गठित जांच समिति से तथ्यात्मक जांच उपरांत निजी भूमि में हैंडपंप खनन, ग्राम पंचायत का फर्जी प्रस्ताव पारित करने एवं जांच के दौरान अभिलेख उपलब्ध नहीं कराने के कारण तेजु राम पंचायत सचिव को विभागीय जांच संस्थित करते हुए निलंबित कर दिया गया हैं।

### आठ दोपहिया वाहन किया गया बरामद, कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

## सिलसिलेवार बाइक चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


पुलिस ने शहर में सिलसिलेवार ढंग से हो रही बाइक चोरियों के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो शातिर चोरों को पकड़ने के पास से आठ दो पहिया वाहन बरामद किया है। आरोपी लम्बे समय से शहर में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे और कई बाइक की चोरी कर उन्हें बेच भी दिया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ मामले की जांच कर रही है। आज मामले का खुलासा करते हुए एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि मोमिनपुरा निवासी वसीम अहमद उर्फ सोनू 5 जुलाई को नमाज पढ़ने के लिए जामा मस्जिद गया हुआ था। इस दौरान उसने अपनी बाइक स्प्लेंडर सीजी 15 डीजी 2272 मस्जिद के बाहर खड़ी की थी। जब युवक नमाज पढ़कर वापस लौटा तो उसकी बाइक गायब थी। ऐसे में उसने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी। शिकायत के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान एसपी योगेश पटेल के निर्देश पर विशेष पुलिस टीम का गठन कर घटना स्थल व आस पास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। जांच के दौरान पुलिस ने बाइक बेचने की फिराक में घूम रहे संदेही लुंड्रा बकना निवासी 28 वर्षीय सद्दाम हुसैन आ. शहादत हुसैन व बरगीडीह निवासी दीपक प्रजापति आ. प्रेमसाय को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। इसके साथ ही पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने शहर के जामा मस्जिद, फिरदौसी हॉस्पिटल, तेज ब्लड बैंक के सामने से, बुधवारी बाजार, जिला अस्पताल, गुदरी बाजार व कंपनी बाजार सहित अन्य स्थानों से बाइक व दो पहिया वाहन चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों द्वारा छिपाकर रखे गए 8 नग बाइक बरामद किया गया। पुलिस की जांच में आरोपियों ने चोरी की गई कुछ बाइक को बेचने की बात भी कबूल की है। इसलिए पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी आदतन चोर है और पूर्व में भी जेल जा चुके है। पुलिस ने आरोपियों पर बीएनएस की धारा 303(2) के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, लुंड्रा थाना प्रभारी शिशिरकान्त सिंह, सउनि कृष्ण कुमार यादव, स्पेशल टीम प्रभारी विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक अजय पाण्डेय, गणेश कदम, सत्यनारायण पाल, आरक्षक सतेंद्र दुबे, विकाश सिंह, राहुल सिंह, अमित विश्वकर्मा, रमेश राजवाड़े, दीपक पाण्डेय, हेमंत लकड़ा, बालेश्वर सिंह, अनिल मरावी, जयईश्वर तिर्की, दीपक दास शामिल रहे।




## गाज की चपेट में आकर वृद्ध महिला की मौत, एक घायल

**सीतापुर।** शुक्रवार की शाम डांगबुड़ा में अलग अलग घटनाओं में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई जबकि दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि मृत महिला के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। बताया जा रहा है कि जशपुर जिले के खर्राबहार सुरेशपुर निवासी 65 वर्षीया फूलो बाई उरांव अपने समधी के घर डांगबुड़ा आई हुई थी। शुक्रवार की दोपहर महिला समधी के खेत में काम करने के लिए गई हुई थी। इसी बीच गरज चमक के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इसके साथ ही दूसरी घटना भी डांगबुड़ा में हुई जहां गांव की 62 वर्षीया वृद्धा अघनी बाई आज शाम खेत काम करते समय आकाशीय बिजली की चपेट में आकर बुरी तरह से घायल हो गई। महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इधर महिला की मौत के बाद क्षेत्र में मातम पसर गया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।






# कल रिलीज होगा 'सारिपोधा सानिवारम' का दूसरा गाना

**मुंबई।** 'गैंग लीडर' फिल्म में साथ काम कर चुके नानी और प्रियंका मोहन एक बार फिर से परदे पर साथ-साथ दिखाई देंगे। दोनों अपनी नई फिल्म 'सारिपोधा सानिवारम' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से ही आए दिन इससे जुड़ा कोई ने कोई अपडेट सामने आ रहा है। इसी सिलसिले में अब एक और ताजा जानकारी सामने आ रही है, जो फिल्म के गाने से जुड़ी हुई है। 'सारिपोधा सानिवारम' के निर्माताओं ने फिल्म के दूसरे गाने का ऐलान कर दिया है। इस गाने का नाम 'उल्लासम' है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि 'उल्लासम' को 13 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। गाने में नानी और प्रियंका मोहन दिखाई देंगे।

लाइफ Style



# माधुरी सुनील गावस्कर के लिए दीवानी थीं

शर्मिला टैगोर से लेकर अनुष्का शर्मा तक कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस हैं, जिन्होंने टीम इंडिया के क्रिकेटर्स को जीवनसाथी चुना। लेकिन ऐसा नहीं है कि इनके अलावा किसी एक्ट्रेस को क्रिकेटर पर क्रश या प्यार ना हुआ हो। हम बात कर रहे हैं माधुरी दीक्षित की।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्रिकेटर अजय जड़ेजा के साथ रिलेशनशिप की खबरें तो खूब आईं। लेकिन एक्ट्रेस को जिन पर क्रश था और उनके पीछे भागना चाहती थीं। यहां तक कि उनके सपने में भी वह आते थे। वह तो कोई और ही थे। जी हां वह क्रिकेटर थे सुनील गावस्कर। सुनील गावस्कर वह क्रिकेटर हैं, जिन्होंने टीम इंडिया की कप्तानी भी की है। 10 जुलाई 1949 में जन्मे सुनील क्रिकेट के इतिहास में सबसे बेहतरीन ओपनिंग बल्लेबाजों में से एक हैं। वे कपिल देव की अगुआई वाली टीम का हिस्सा भी थे, जिसने लंदन के लॉर्ड्स में 1983 का विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया था। 15 मई 1967 में जन्मी माधुरी दीक्षित से सुनील गावस्कर 18 साल बड़े हैं। हालांकि क्रश तो क्रश होता है। 90 के दशक में फैंस के दिलों पर राज करने वाली एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने 1992 में इंडिया टुडे मैग्जीन को दिए एक इंटरव्यू में कहा था, मैं सुनील गावस्कर के लिए दीवानी हूं। वह बहुत सेक्सी हैं। मैं उनके पीछे भागना चाहती हूं और वह मेरे सपने में आते हैं। यह जब इंटरव्यू लिया गया तो एक्ट्रेस 25 साल की थीं और क्रिकेटर 43 साल के थे। इस किससे के अलावा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें सुनील गावस्कर को स्टूडियों में माधुरी दीक्षित को बॉल डालते हुए देखा जा सकता है।

## हॉलीवुड मसाला




# जस्टिन से फैंस हुए खफा

**मुंबई।** मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में जस्टिन बीबर की परफॉर्मेंस ने आक्रोश फैला दिया है। उनके कॉन्सर्ट के लिए नहीं, बल्कि भारी कीमत के लिए। यह बात सामने आने के बाद कि उन्होंने एक भारतीय अरबपति के बेटे की शादी से पहले के जश्न में एक शो के लिए भारी भरकम रकम कमाई है, फैंस गुस्से में हैं। पहले से ही अपनी भव्यता के लिए आलोचना झेल रहे जस्टिन बीबर के फैंस ने परफॉर्मेंस को 'बेस्वाद' करार दे दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह बताया गया है कि जस्टिन बीबर ने 10 मिलियन डॉलर यानी लगभग 85 करोड़ की भारी कमाई की है।




# अनंत-राधिका की शादी में आएंगी किम कार्दशियन...

**मुंबई।** राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी इस वीकेंड शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। शादी में दुनियाभर से कई मेहमान आ रहे हैं और सबको लेकर चर्चा बनी हुई है। अब उन विदेशी मेहमानों की एक लिस्ट सामने आई है, जो शादी में शामिल होंगे, जो मुंबई के बांद्रा कुर्ला सेंटर (बीकेसी) में जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित किया जाएगा। शादी में हॉलीवुड सिंगर किम कार्दशियन और ख्लोए कार्दशियन मेहमान होंगी। पीटर डायमेंडिस, जेफ कून्स और जे शेट्टी भी शादी में शामिल होंगे। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और टोनी ब्लेयर, पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री जॉन केरी, पूर्व स्वीडिश प्रधानमंत्री कार्ल बिल्ड्ट और पूर्व कनाडाई प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर भी शादी में आएंगे। अनंत की मां नीता अंबानी को शादी से पहले के इवेंट्स को कवर करने के लिए पपाराजी को धन्यवाद देते देखा जा सकता है।



# पेरिस में एंजॉय करती दिखीं थडानी...

**मुंबई।** राशा थडानी पेरिस में खुले आसमान के नीचे धूप और बादलों का नजारा एंजॉय करती हुई दिखाई दे रही हैं। रवीना टंडन की लाडली बेटी राशा थडानी इन दिनों पेरिस में वेकेशन का फुल मजा लेते हुए अपनी फोटोज फैंस के साथ शेयर करती हुई नजर आ रही हैं। फोटोज में राशा थडानी एक टेरेस पर खड़े होकर जमकर पोज देती नजर आ रही हैं। बात अगर राशा थडानी के लुक की करें तो वो ब्लैक टॉप और डेनिम जींस में बेहद ग्लैमरस लग रहीं हैं। मिनिमल मेकअप और खुले बिखरे बालों में राशा थडानी इस दौरान काफी क्यूट लग रहीं हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए राशा थडानी ने इन्हें कैप्शन दिया - हवा में जादू। इन तस्वीरों पर उनके फैंस - सो प्रिटी, ब्यूटीफुल, गॉर्जियस, क्लासी शॉट्स और ब्यूटी इन ब्लैक जैसे कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं।



# टुनटुन को 58 साल बाद भी नहीं भुला पाए

**नई दिल्ली।** सुपरस्टार धर्मेंद्र, जिन्होंने 1960 में दिल भी तेरा हम भी तेरे से एक्टिंग डेब्यू किया था। वह 60s से फैंस के दिलों की धड़कन हैं। उन्होंने शोले, धर्मवीर, लोहा, हुकुमत, मेरा गांव मेरा देश और आंखें जैसी फिल्मों में काम किया।वहीं हेमा मालिनी से लेकर रेखा तक उनकी हीरोइनें रहीं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि 88 वर्षीय धर्मेंद्र की फेवरेट एक्ट्रेस कौन हैं, जिन्हें 58 साल बाद भी धरम पाजी नहीं भुला पाए और उन्हें फेवरेट कहते हैं। यह एक्ट्रेस और कोई नहीं, बल्कि एक्ट्रेस उमा देवी हैं, जो कि टुन टुन के नाम से मशहूर हैं। दरअसल, द कपिल शर्मा कॉमेडी शो के मंच पर सुपरस्टार धर्मेंद्र से जब पूछा गया कि उनकी फेवरेट एक्ट्रेस कौन हैं। तब सनी देओल, बॉबी देओल भी उनकी तरफ बड़े अचरज से देखने लगे कि वो किस एक्ट्रेस का नाम लेते हैं।

## टीवी मसाला

# घर से बेघर होते ही मुनीशा खटवानी ने खोले कई राज

**नई दिल्ली।** विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' धमाकेदार तरीके से आगे बढ़ रहा है। अनिल कपूर के जरिए होस्ट किए जाने वाले इस शो में आए दिन किसी न किसी प्रतियोगी के बीच जुबानी जंग देखने को मिल रही है। साथ ही महज दो सप्ताह के भीतर ही इसमें हिंसा की वारदात भी देखी जा चुकी है। एक के बाद एक प्रतियोगी शो से बाहर हो रहे हैं। इसमें ताजा नाम टैरो कार्ड रिडर और अभिनेत्री मुनीशा खटवानी का है। घरवालों ने सना सुल्तान और मुनीषा में से सना को सुरक्षित किया, जिसकी वजह से मुनीशा घर से बेघर हो गईं। वहीं, बाहर आते ही मुनीशा ने कई दिलचस्प खुलासे किए हैं। साथ ही कुछ प्रतियोगियों को बेनकाब करती भी नजर आई हैं। मुनीशा खटवानी से सवाल पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि वह बाहरवाले की वजह से एविक्ट हुई हैं? तो इस पर टैरो कार्ड रीडर ने कहा कि नहीं मैं घरवालों के वोटों की कमी के कारण बेघर हुई हूं। मुझे बाहर आते ही इस बात का पता चल गया कि बाहरवाला मेरा भाई लवकेश है और अगर उसके हाथ में होता तो वह मुझे जरूर बचाता।



# मुश्किलों में 'डांस इंडिया डांस' सीजन एक के फाइनलिस्ट...

**मुंबई।** रियलिटी शो 'डांस इंडिया डांस' सीजन एक के फाइनलिस्ट जय कुमार नायर मुश्किलों में फंसते नजर आए हैं। मुंबई पुलिस ने नायर के खिलाफ क्रिप्टोकरेंसी पर उच्च रिटर्न के बहाने एक महिला से 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। ओशिवारा पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में शिकायत दीप्ति असीजा ने दर्ज कराई थी, जो नकली आभूषणों का कारोबार करती हैं। असीजा अपने एक कॉमन फ्रेंड के जरिए नायर के संपर्क में आईं। नवंबर 2022 में असीजा ने उन्हें छह लाख रुपए और फिर दो बार में कुल 14 लाख रुपए दिए। उन्होंने कहा, 'नायर ने उन्हें उनके निवेश पर अच्छा रिटर्न देने का आश्वासन दिया था।' हालांकि, उन्होंने असीजा को केवल शुरुआती 11 महीनों के लिए मासिक रिटर्न का भुगतान किया। वहीं, दिसंबर 2023 से उन्होंने पैसा देना बंद कर दिया।



# तौबा-तौबा गाने पर सितारों की उतारी लाजवाब नकल

**नई दिल्ली।** जॉनी लीवर को अपनी कॉमेडी के साथ ही सितारों की नकल उतारने के लिए भी पहचाना जाता है। लेकिन उनकी बेटी जैमी लीवर भी पापा से किसी मामले में पीछे नहीं हैं। वे अकसर सितारों की एक्टिंग करती हैं और उनके ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखे भी जाते हैं। विक्की कौशल की फिल्म बैड न्यूज रिलीज होने के लिए तैयार है। विक्की कौशल इन दिनों फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। वो प्रमोशन के दौरान तौबा- तौबा गाने का हुक स्टेप करते नजर आ रहे हैं। ये गाना इतना वायरल हो गया है कि इंफ्लुएंसर से लेकर सेलेब्स तक हर कोई इस गाने पर रील बना रहा है। लेकिन जैमी लीवर ने जिस तरह तौबा-तौबा पर सितारों की नकल उतारी है, वो तो लाजवाब है। जैमी लिवर ने एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि करीना कपूर से लेकर फराह खान तक सेलेब्स तौबा तौबा गाने को लेकर कैसे रिएक्ट करेंगे। जैमी लीवर ने करीना कपूर, फराह खान, राखी सावंत, श्रीदेवी, अनन्या पांडे और सोनम कपूर की मिमिक्री की. जैमी का ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है। फैंस इस पर कमेंट करते नहीं रुक रहे हैं। जैमी लीवर के इस वीडियो पर एक यूजर ने लिखा, राखी बेस्ट थी. वहीं दूसरे ने लिखा, तुमने धमाल मचा दिया जैमी। एक ने लिखा, मेरी हंसी कंट्रोल नहीं हो रही है।





# भारत पहुंचे प्रियंका-निक बारिश में हुआ स्वागत...

*मुंबई। शुक्रवार 12 जुलाई को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस बिग फैट वेडिंग में देश-विदेश की कई नामी हस्तियां शामिल होंगी। प्रियंका चोपड़ा भी शादी में शामिल होने मुंबई पहुंच चुकी हैं। प्रियंका अपने पति नोकस जोनस के साथ शादी में शामिल होने आई हैं। उनके भारत पहुंचते ही झमाझम बारिश हुई। कार से उतरते ही प्रियंका ने हाथ जोड़कर सभी का अभिनंदन किया। अनंत-राधिका की शादी का जश्न तीन दिनों तक चलेगा। इसकी शुरुआत 12 जुलाई को 'शुभ विवाह' से होगी। शुक्रवार को शादी संपन्न होने के बाद 13 जुलाई को 'शुभ आशीर्वाद' समारोह आयोजित किया गया है। इसके बाद 14 जुलाई को 'मंगल उत्सव' है। इस समारोह में हिस्सा लेने के लिए प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस भी हाल ही में मुंबई पहुंचे हैं। प्रियंका चोपड़ा और निक एयरपोर्ट से ब्लैक कलर की आलीशान गाड़ी में बैठकर आते नजर आए। इस दौरान दोनों ने पैपराजी और फैंस का अभिनंदन किया। प्रियंका और निक काफी स्टाइलिश लुक में दिखे। हालांकि, बेबी मालती इस दौरान साथ नजर नहीं आईं। बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया है। बॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ देसी गर्ल ने हॉलीवुड में भी अपना सिक्का जमा लिया है।*

## इन स्टार्स को हो गया था अपनी मौत का आभास

# गोविंदा की मां से संजीव कुमार तक मौत को लेकर की थीं चौंकाने वाली भविष्यवाणी

***मुंबई।** 'थ्रोबैक थर्सडे' में उन फिल्मी हस्तियों के बारे में बता रहे हैं, जिन्होंने अपनी मौत को लेकर होश उड़ाने वाली भविष्यवाणी की थी। कुछ को तो पहले ही अपनी मौत का आभास हो गया। इन स्टार्स के साथ जो हुआ, वो वाकई हैरान कर देगा। मौत एक ऐसी चीज है, जो एक दिन हर किसी को आनी है। जो इस दुनिया में आया है, उसे एक दिन जाना ही होगा। मौत से डर तो सबको लगता है, लेकिन इससे भी ज्यादा डर तब लगता है जब किसी को अपनी मौत का पता हो। जब किसी को आभास हो जाए कि उसकी जिंदगी कितने दिन की मेहमान है। बॉलीवुड में ऐसे कई सितारे रहे, जो अचानक ही इस दुनिया से चल बसे और फैंस को जिंदगी भर का सदमा दे गए। पर कुछ ऐसी हस्तियां भी रहीं, जिन्होंने या तो अपनी मौत की भविष्यवाणी कर दी थी या फिर उन्हें आभास हो गया था कि वो अब इस दुनिया में ज्यादा दिन नहीं रहेंगे। यहां हम आपको 'थ्रोबैक थर्सडे' सीरीज में ऐसे ही स्टार्स के बारे में बता रहे हैं।*

### गोविंदा की मां निर्मला देवी ने अपनी मौत समेत की थीं 3 भविष्यवाणी



गोविंदा ने 'बॉम्बे टाइम्स' को इंटरव्यू में बताया था कि उनकी मां निर्मला देवी प्रेग्नेंसी के दौरान आध्यात्म की ओर मुड़ गई थीं। यही नहीं, वह एकदम सटीक भविष्यवाणी करती थीं। गोविंदा ने बताया था कि जब वह 17 साल के थे तो मां ने तीन भविष्यवाणियां की थीं। एक गोविंदा के स्टारडम की और दो अपनी मौत के साथ-साथ बड़ी बेटी पद्मा की मौत की। मां ने गोविंदा से कहा था कि जब तुम 21 साल के हो जाओगे तो तुम कमाल करोगे। वहीं बड़ी बेटी पद्मा यानी कृष्णा अभिषेक की मां के लिए कहा था कि वह दूसरे बच्चे के जन्म के बाद मर जाएंगी। यही नहीं, गोविंदा की मां ने खुद की मौत की भविष्यवाणी भी गोविंदा से की थी, और वह सकपका गए थे। गोविंदा की मां की मौत उस भविष्यवाणी से ठीक तीन महीने बाद 15 जून 1996 को हो गई। यही तारीख उनकी मां ने बताई थी।

### ऋषि कपूर ने कहा था 'मैं ज्यादा लंबा नहीं जिऊंगा'



ऋषि कपूर का 30 अप्रैल साल 2021 में निधन हो गया था। मौत से दो साल पहले वह कैंसर की गिरफ्त में आ गए थे। हालांकि न्यू यॉर्क में इलाज के बाद ऋषि कपूर ठीक हो गए थे, लेकिन बाद में सांस लेने में तकलीफ के कारण उनका निधन हो गया। ऋषि कपूर के निधन से पूरे देश में सन्नाटा पसर गया था, पर एक्टर ने अपनी मौत की साल 2016 में ही भविष्यवाणी कर दी थी। ऋषि कपूर से जब एक इंटरव्यू में पूछा गया कि 90 साल की उम्र में वह खुद को किस तरह से देखते हैं, तो एक्टर ने कहा था, 'मेरा जिस तरह का लाइफस्टाइल है, उससे लगता है कि मैं ज्यादा लंबा नहीं जिऊंगा। लेकिन लोग बोलते हैं कि अगर जिंदा रहा तो मैं 'कपूर एंड सन्स' में दादू के कैरेक्टर जैसा दिखूंगा। लेकिन मुझे यकीन नहीं है।'

### ओम पुरी को भी हो गया था मौत का आभास

वेटरन एक्टर ओम पुरी ने 23 दिसंबर 2016 को एक इंटरव्यू दिया था, जिसमें उन्होंने अपनी मौत पर बात की थी, और उसके चंद दिन बाद ही 6 जनवरी 2017 में मौत हो गई। इस दुखद इत्तेफाक ने सबको चौंका दिया था। ओम पुरी ने 'आईएएनएस' को दिए इंटरव्यू में कहा था, 'एक एक्टर के रूप में मेरा योगदान मेरे इस दुनिया से चले जाने के बाद दिखाई देगा।



### किशोर कुमार- मजाक में ही सच हो गई मौत की वो भविष्यवाणी



बॉलीवुड के मशहूर एक्टर और सिंगर रहे किशोर कुमार की 13 अक्टूबर 1987 को मौत हो गई थी। बेटे अमित कुमार ने साल 2002 में 'रेडिफ' को इंटरव्यू में बताया था कि पापा को उनकी मौत का आभास हो गया था। जिस दिन उनका निधन हुआ, उस दिन उन्होंने हार्ट अटैक को लेकर मजाक किया और उसी तरह दुनिया से रुखसत हो गए। अमित कुमार ने बताया था, 'उस दिन, उन्होंने सुमित (सौतेला बेटा) को स्विमिंग के लिए जाने से मना कर दिया। वह इस बात से टेंशन में थे कि कनाडा से मेरी फ्लाइट समय पर लैंड करेगी या नहीं।



### ज्योतिषी ने की थी संजीव कुमार की मौत की भविष्यवाणी

संजीव कुमार ने भी अपनी मौत की भविष्यवाणी कर दी थी। 9 जुलाई 1938 को जन्मे संजीव कुमार की 6 नवंबर 1985 को मौत हो गई थी। संजीव कुमार एक ऐसे एक्टर थे, जिन्होंने युवा होते हुए भी उम्रदराज किरदार निभाए। उन्हें ऐसे किरदार निभाने में मजा आता था। एक्ट्रेस तबस्सुम ने अपने शो 'तबस्सुम टॉकीज' में बताया था कि कैसे संजीव कुमार ने अपनी मौत को लेकर एक चौंकानेवाली बात बताई थी, जिसका उम्रदराज किरदारों से कनेक्शन था। तबस्सुम ने संजीव कुमार से पूछा था कि वह उम्रदराज किरदारों को लेकर इतना ऑब्सेस्ड क्यों हैं। तब संजीव ने कहा था, 'तबस्सुन, हाथ देखने वाले एक ज्योतिषी ने भविष्यवाणी की थी कि मैं ज्यादा लंबे समय तक जीवित नहीं रहूंगा। इसलिए मैं उम्रदराज किरदार निभाता हूं, ताकि वो जिंदगी जी सकूं।

## खबर संक्षेप

### डॉ. बृजमोहन सिंह कामरे बने उदयपुर बीएमओ

**डांड़गांव।** कलेक्टर भोस्कर विलास संदीपन ने 10 जुलाई को उदयपुर क्षेत्र के दूरस्थ अंचल पेडरखी सहित आस पास के वन क्षेत्र के सरकारी ऑफिसों का निरीक्षण किया। उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र पेडरखी बंद पाया गया तथा सामुदायिक स्वास्थ्य उदयपुर में भी लम्बे समय से अव्यवस्था की शिकायत मिल रही थी जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त कर बीएमओ सहित पेडरखी के स्टाफ पर कार्रवाई की। जिला चिकित्सा अधिकारी ने तत्काल आदेश जारी कर डॉ. बृजमोहन सिंह कामरे को विकास खंड चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियुक्त किया है। नए विकास खंड चिकित्सा अधिकारी ने कहा है कि स्वास्थ्य सुविधा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चौबीस घंटे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा।

### कागज के कैरी बैग का उपयोग करने एनसीसी ने चलाया जागरूकता अभियान



**अंबिकापुर।** प्लास्टिक कैरी बैग से होने वाले नुकसान को लेकर एनसीसी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। एनसीसी 28 सीजी बटालियन रायगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल हेमंत कुमार झा के निर्देश पर राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्लाह के नेतृत्व में महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार व कैडेट्स द्वारा शहर में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में कैडेट्स ने लोगों को प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने और और कागज से बने बैग का इस्तेमाल करते हुए पर्यावरण को स्वच्छ और संरक्षित करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करने का आह्वान किया।

### मदरसा ख्वाजा गरीब नवाज में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**अंबिकापुर।** मदरसा ख्वाजा गरीब नवाज प्राथमिक शाला में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद इस्लाम खान, रशीद अंसारी संकुल समन्वयक बेलाल अंसारी मौजूद थे। इस्लाम खान ने बच्चों को ड्रेस, किताब व फूल माला पहनाकर बच्चों का स्वागत किया। उन्होंने बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने की सीख दी व शहर एवं देश का नाम रौशन करने की बात कही। बिलाल अंसारी ने स्कूल स्टाफ को बेहतर शिक्षा देने की बात कही। इस अवसर पर शाला की शिक्षिका शाहीन गजाला तथा अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

### भालू के हमले से बुजुर्ग घायल अस्पताल में चल रहा उपचार



**मनेन्द्रगढ़।** भालू के हमले से चनवारीडांड़ निवासी बुजुर्ग भारत सिंह आत्मज लाल सिंह उम्र 69 वर्ष घायल हो गया। परिजन ने बुजुर्ग को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में भर्ती कराया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत सिंह सुबह खेत देखने गया था, इसी दौरान वापस आते समय अचानक दो भालुओं ने हमला कर दिया। मनेन्द्रगढ़ वनपरिक्षेत्र के चनवारीडॉड़ में सुबह हुई इस घटना से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच श्रीराम सिंह ने बताया कि यहां भालू का आतंक हमेशा ही रहता है। ग्रमीणों को जंगल झाड़ी में जाना पड़ता है, यहां भालू के द्वारा हमला कर दिया जाता है। इस पर प्रशासन के संज्ञान में लेकर एक वृहद योजना बनानी चाहिए, जिससे ग्रामीण सुरक्षित रह सके।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार को निम्न डॉक्टर परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगें छ.ग. के सुप्रसिद्ध पेट एवं ऑत रोग विशेषज्ञ डॉ.संजय कुमार अग्रवाल, मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.भुवन शर्मा, स्पाईन सर्जन एवं न्यूरोसर्जन डॉ.मनीष टावरी संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगें।



## बिचौलियों की चांदी, 150 से 200 रूपए बोरी कर रहे कमाई

# सहकारी समितियों में यूरिया एवं डीएपी का स्टॉक खत्म, ब्लैक में खरीद रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खरीफ खेती का समय शुरू होते ही सहकारी समितियों में खाद का स्टॉक खत्म हो गया है। समितियों में खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान भटक रहे हैं किसानों खेती की जरूरतें पूरा करने अधिक कीमतों पर खाद खरीदना पड़ रहा है।

**खास बात**
- गांव-गांव में संचालित हो रही अवैध दुकानें

प्रशासन द्वारा जिले के सभी सहकारी समितियों में रासायनिक उर्वरकों का पर्याप्त मात्रा में भण्डारण कराया गया था। बड़ी संख्या में कृषकों ने उर्वरकों का उठाव भी किया लेकिन खरीफ खेती के ठीक पहले समितियों में यूरिया एवं डीएपी का स्टॉक खत्म होने के कारण कृषकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समितियों में खाद खत्म होने से बिचौलियों की चांदी हो गई है। बिचौलिए किसानों से खाद का डेढ़ सौ से दो सौ रूपए अधिक वसूल रहे हैं। सरगुजा के किसान खरीफ खेती के कारण भारी मात्रा में यूरिया एवं डीएपी का उपयोग करते हैं। समितियों द्वारा किसानों को ऋण पर आवश्यकतानुसार उर्वरकों के अग्रिम उठाव की भी सुविधा दी जाती है लेकिन गिने-चुने किसान ही अग्रिम उठाव करते हैं। खेती की तैयारियां शुरू होने पर किसान खाद का उठाव करते हैं। एक साथ खाद का उठाव करने के कारण प्रायः हर साल ऐन वक्त पर खाद का स्टॉक खत्म हो जाता है। किसान एवं समितियों के इस ट्रेंड को समझ चुके बिचौलिए इसका फायदा उठाते हैं तथा मनमानी कीमत पर खाद बेचते हैं। बिचौलियों का जुगाड़ इतना दुरूस्त होता है कि उन्हें कभी भी इस तरह की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ता। प्रशासन द्वारा सरगुजा की समितियों में 7876.14 टन यूरिया, 316.50 टन सुपर फास्फेट, 4990.30 टन इफको 4656.45 टन डीएपी, 349.81 टन पोटाश, 106 टन जिंक का भण्डारण कराया गया था। यूरिया एंव डीएपी की मांग अधिक होने के कारण समितियों में भण्डारित खाद खत्म हो गया है। किसान धान व मक्का की खेती में अधिक मात्रा में यूरिया व डीएपी का उपयोग करते हैं। वर्तमान में अधिकांश समितियों में डीएपी व यूरिया खत्म हो गया है। जिस तेजी से उर्वरकों का उठाव हो रहा है गिने-चुने समितियों में बचा यूरिया व डीएपी भी एक-दो दिन में खत्म हो जाएगा। ऐसे में जल्द खाद की व्यवस्था नहीं हुई तो किसानों को भारी संकट का सामना करना पड़ेगा साथ ही खरीफ खेती भी प्रभावित होगी।



**गांव-गांव में बिक रहा खाद**

रासायनिक उर्वरकों में मोटी कमाई होने के कारण अब गांव-गांव में अवैध खाद की दुकानें खुल गई हैं। किराना व्यवसायी भी धड़ल्ले से खाद का कारोबार कर रहे हैं। कृषि अधिकारी शहरी क्षेत्र के दुकानों का निरीक्षण कर जांच की खानापूर्ति करते हैं। गांव-गांव में अवैध रूप से संपादित दुकानों की कभी जांच नहीं होती इसलिए बड़े पैमाने पर संचालित हो रहे इस व्यवसाय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। समितियों में खाद खत्म होने के बाद बिचौलिए प्रति बोरी 150 रूपए से 200 रूपए अधिक वसूल रहे हैं। विकासखण्ड लुण्ड्रा में बिलौचिए किसानों से यूरिया 600 रूपए, डीएपी 1600 रूपए वहीं मैनपाट में यूरिया 650 रूपए एवं डीएपी का 1650 रूपए वसूल रहे हैं।

**किसान भी नहीं पीछे**

बड़े किसान अपनी संपूर्ण खेती के अनुसार खाद का उठाव करते हैं लेकिन खेत दूसरों को सौंप देते हैं। खाद की किल्लत होने पर बड़े किसान भी इसका फायदा उठाते हैं तथा शेष बचे यूरिया व डीएपी को जरूरतमंद किसानों को मनमानी कीमत पर बेचते हैं। बड़े किसानों की जमीन में खेती करने वाले छोटे किसान बिचौलियों से अधिक कीमत पर खाद खरीदते हैं। बड़े किसानों द्वारा अपने हिस्से के खाद को अधिक कीमत पर बेचने की जानकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को भी है लेकिन ऐसे मामलों में कभी कार्रवाई नहीं होती।

**रवाना हो गया है रैक**

रासायनिक उर्वरकों का रैक रवाना हो गया है। रैक के पहुंचते ही समितियों में उर्वरकों का भण्डारण कराया जाएगा।

-अरूण विश्वकर्मा
प्रबंधक, मार्कफेड



### मितानिनों के खाते में सीधे अंतरित की गई प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला चिकित्सालय सभा कक्ष में मितानिन के खाते में सीधे प्रोत्साहन राशि के अंतरण संबंधी राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- मितानिन प्रोत्साहन राशि सीधे अंरतण किए गए उनके खाते में

इस अवसर पर मितानिनों को सम्बोधित करते हुए विधायक भूलन सिंह मरावी ने मितानिनों के कार्य की प्रशंसा की एवं उनके स्वयंसेवकों के रूप में कार्य करने को एक मिसाल बताया और आगे भी ऐसे कार्य करने को प्रेरित किया। डॉ. आरएस सिंह द्वारा विस्तार पूर्वक मितानिनों द्वारा किए जा रहे कार्य टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, टीबी उन्मूलन, कुष्ठ उन्मूलन में उनके द्वारा किया जा रहा उल्लेखनीय कार्य का उल्लेख किया। राजेश अग्रवाल द्वारा कोविड एवं 24 घंटे सेवा में तत्पर रहने की भावना को सराहा एवं आगे निरंतर कार्य को प्रेरित किया। रायपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा एक बटन दबाकर मितानिनों के प्रोत्साहन राशि को सीधे उनके खाते में अंतरण किया। जिससे समस्त मितानित अत्यंत प्रशन्न नजर आई। कार्यक्रम में संस्थागत प्रसव हेतु मितानिन सुषमा साहू बड़कापारा, मितानित फुलेश्वरी राजवाड़े कुरवा टीकाकरण हेतु, मितानिन बॉबी ग्राम गिरवगंज को सामाजिक सुरक्षा एवं संस्थागत प्रसव हेतु विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिंस जायसवाल, डॉ. जेएसआर सरूता, डॉ. राजेश पैकरा के अलावा निलेश गुप्ता, सुरेश वर्मा, डीआर पैकरा, अमरेश पैकरा, संतु कुमार कर सुरेश गुप्ता सहित अन्य चिकित्सक अधिकारी, मितानिन व अन्य मौजूद थे।

## गांव में पाइप लाइन का हो गया विस्तार लेकिन टंकी अधूरी

**राजपुर।** जल जीवन मिशन अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों में की गई लेटलतीफी और मनमानी का खामियाजा ग्रामीण जनता को भुगतना पड़ रहा है।

- जल जीवन मिशन का ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ

ठेकेदार द्वारा गांव में नल लगाकर छोड़ दिया गया है लेकिन पानी टंकी का काम अधूरा है। ऐसे में ग्रामीण ढोढ़ी, कुंए का पानी पीने को मजबूर है। ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बाद भी अब तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। बता दें कि विकासखंड के ग्राम पंचायत नवकी में जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल जल योजना के तहत पाइप लाइन विस्तार व पानी टंकी बनाने का काम चल रहा था। निर्माण कार्य प्रारंभ होने के बाद ठेकेदार ने लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व कुछ स्थानों पर नल कनेक्शन देने के साथ ही पाइप लाइन का विस्तार कर दिया गया लेकिन पानी टंकी का निर्माण करना भूल गया। जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का काम अब भी अधूरा है। इसके साथ ही जनपद पंचायत के लगभग 70 ग्रामों में भी इसी तरह की स्थिति बनी हुई है। अधिकारियों की उदासीनता और ठेकेदार की लापरवाही के कारण जल जीवन मिशन का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। पानी टंकी का निर्माण नहीं होने से भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पेयजल संकट से जूझना पड़ा तो वहीं अब बारिश में ग्रामीणों को ढोढ़ी और कुंए का पानी पीना पड़ रहा है। ग्रामीण ढोढ़ी और कुंए से पानी लेने के लिए भी लम्बी दूरी तय करनी पड़ रही है। क्षेत्र के ग्राम नवकी, सिंगचोरा, ओकरा, झिंगो, कर्रा, सेवारी, नरसिंहपुर, परसगुड़ी, गोपालपुर, कारवां, कुंदीखुर्द, मुरका, सहित अन्य गांव में अभी भी जल जीवन मिशन का कार्य अधर में लटका हुआ है। ग्रामीण कृष्णा प्रसाद ने बताया कि गांव में नल कनेक्शन दिया गया है लेकिन उसमें पानी नहीं आता है। पानी टंकी का निर्माण अधूरा है और गांव में लोग शुद्ध पेयजल के लिए परेशान है।



निर्माणाधीन पानी टंकी।

**जारी किया गया है नोटिस**

जल जीवन मिशन के सभी कार्यों का सत्यापन कराया जा रहा है। ठेकेदार को नोटिस जारी किया जाएगा इसके साथ ही पेयजल आपूर्ति जल्द से जल्द कराई जाएगी।

-सुशील कुमार सिन्हा
कार्यपालन अभियंता पीएचई

### व्यापमं द्वारा आयोजित बीएससी नर्सिंग परीक्षा को लेकर नोडल अधिकारी ने ली बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आज नोडल एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिवानी जायसवाल की अध्यक्षता में व्यापमं द्वारा आयोजित होने वाली बीएससी नर्सिंग परीक्षा के संबंध में बैठक ली गई । बैठक में परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन के संबंध में चर्चा की गई और दिशा निर्देश तय किए गए। बैठक में विद्यार्थियों के लिए तय निर्देशो पर चर्चा करते हुए बताया गया कि किसी भी असुविधा से बचने के लिए समय से न्यूनतम 1 घंटा पूर्व अपने मूल/ओरिजिनल फोटो युक्त पहचान पत्र एवं एडमिट कार्ड के साथ आए। साथ ही एडमिट कार्ड में उल्लेखित निर्देशों का भली भांति अवलोकन कर लें। बैठक में गलत परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियो की पहुंचने की घटना को देखते हुए सभी विद्यार्थियों को आवंटित परीक्षा केंद्र का एक दिन पूर्व भ्रमण करने की सलाह दी गई है। गौरतलब है कि बीएससी नर्सिंग परीक्षा का 14 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 12.15 तक आयोजित किया जाना है।

## रेलिंग तोड़ते हुए पुल पर लटकी यात्रियों से भरी बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



बीती रात यात्रियों से भरी राजहंस बस दुर्घटना का शिकार होते बाल बाल बच गई। तेज रफ्तार बस गागर नदी के पुल की रेलिंग तो तोड़ते हुए लटक गई। यदि बस थोड़ा और आगे जाती तो यात्रियों समेत नीचे नदी में चली जाती और जिससे यात्रियों की मौत हो सकती थी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने समय रहते यात्रियों को बस से निकाला। इस दौरान एनएच पर जाम की स्थिति बनी रही। बता दें कि राजहंस बस बीती रात यात्रियों को लेकर अंबिकापुर से सासाराम जा रही थी। इस दौरान रात लगभग 12 बजे एनएच 343 पर गागर नदी के समीप पहुंचते ही चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार बस गागर नदी के पुल के रेलिंग को तोड़ते हुए लटक गई। गनीमत रही कि चालक ने सूझबूझ से बस को नियंत्रित किया लेकिन बस का एक चक्का पुल से नीचे लटक गया था। इस दौरान बस में लगभग 45 से 50 यात्री सवार थे। घटना के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। घटना के बाद एनएच पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और यात्रियों को बाहर निकालकर दूसरे वाहनों से गंतव्य की ओर रवाना किया गया। इस घटना में यदि बस के दोनों चक्के नीचे उतर गए होते तो यात्रियों से भरी बस पुल से नीचे नदी में गिर सकती थी। राजपुर व बरियों चौकी की पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद एनएच पर आवगमन शुरू कराया।

## ठेकेदार की बाइक चोरी मामले में आरोपी चोर एवं खरीददार गिरफ्तार



**बिश्रामपुर।** नगर के गुरुद्वारा गली निवासी ठेकेदार राम मनोहर जायसवाल की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोपी व चोरी की बाइक खरीदी करने मामले में शामिल आरोपी ख़रीददार को बिश्रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रामनमोहर जायसवाल ने रिपोर्ट लिखाई कि उनकी बजाज पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 15 डी ए 3203 को अज्ञात चोर ने गत 18 जून की रात को उनके घर के सामने से चोरी कर लिया है ,रिपोर्ट दर्ज होने उपरांत पुलिस मामले की जांच में जुटी थी।जांच के दौरान संदेही अर्जुन देवांगन पिता सुखन देवांगन 26 वर्ष निवासी कैलाशपुर घुटरा पारा थाना जयनगर को पकड़कर पूछताछ किया तो उसने बाइक चोरी करना स्वीकार किया ,उसने पुलिस को बताया कि पखवाड़े भर पूर्व उसने उक्त चोरी की गई बाइक को लखनपुर सरगुजा निवासी तौफीक खान को नौ हजार रुपए में बेच दिया है, तत्पश्चात पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी तौफीक खान पिता सरफुदीन 29 वर्ष निवासी लखनपुर पठान पारा को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक जप्त कर मामले में 411,34 भा द वि की के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को शुक्रवार को सूरजपुर न्यायालय पेश किया है।

### सूने मकान का ताला तोड़ नकदी समेत हजारों रुपए के सामान ले गए चोर

सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने नगदी समेत हजारों रुपए के जेवरात व सामान चोरी कर साथ ले गए हैं। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत महेशपुर निवासी प्रार्थिया भोज कुमारी पति संतोष सिंह गोंड के महावीरपुर निवासी भाई गत दिनों 5 जुलाई को सड़क हादसे में चोटिल हो गया था, जिस वजह से उसके माता पिता द्वारा भाई को मेडिकल कालेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराकर उपचार कराया जा रहा था।गत 10 जुलाई को जब प्रार्थिया घरेलू सामान को लेने मायके आई, तब देखा कि उसके मायके के दरवाजा का ताला टूटा हुआ है और घर में अंदर रखे सामान बिखरे पड़े हुए हैं। इसकी सूचना प्रार्थिया द्वारा अपने परिजन व पुलिस को दी गई।यहाँ पर अज्ञात चोरों द्वारा दो पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे छह नग कांस की थाली, छह नग कांस लोटा, चार नग स्टील की गुंडी, तीस नग साड़ी, दो नग चांदी का बाजू, दो नग चांदी का कमरबंद, दो नग चांदी का कलाईबंद, एक नग चांदी की हसुली को चोरी कर लिया गया है। साथ ही अज्ञात चोरों द्वारा घर में रखे बीस हजार रुपए नगदी भी चोरी कर लिया गया है। मामले में प्रार्थिया की रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331 (4), 305 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## ट्रक से डीजल चोरीः दो आरोपी गिरफ्तार




कार की डिक्की में रखा डीजल जब्त करती पुलिस की टीम।

**बैकुण्ठपुर।** चोरी के डीजल के साथ पटना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध धारा 305 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते 9 जुलाई को प्रार्थी कुलदीप सिंह पिता मेजर सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी पटना के द्वारा थाना पहुंच लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने ट्रक में डीजल भरवाकर अपने घर के पास ट्रक खड़ा किया था, उसी रात्रि में किसी अज्ञात के द्वारा तेल का टंकी को तोड़कर करीब 200 लीटर चोरी कर लिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि पटना झूमरपारा में एक अज्ञात ब्रेजा कार की डिक्की में जरकीन भरकर डीजल रखा है। उक्त सूचना के आधार पर ब्रेजा कार वाहन में रखे डीजल करीब 145 लीटर कीमत करीब 13485 रूपए एवं एक ब्रेजा कार तथा चोरी के लिए प्रयोग सामग्री को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी विजय कुमार पिता भवन अमृता किशोर निवासी चंदौली उत्तरप्रदेश एवं आरोपी सुमन कुमार पांडे पिता स्व. रामचंद्र पाण्डेय उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम रनई थाना पटना को उक्त मामले में गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

### बाइक चोरी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**बैकुण्ठपुर।** बाइक चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार 7 जून को प्रार्थी भूपेन्द्र राजवाड़े पिता जगमोहन राजवाड़े निवासी सरडी ने थाना सोनहत में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पेट्रोलिंग टीम को एक व्यक्ति बिना नंबर के बजाज पल्सर बाइक चलाते हुए खरवत से सोनहत की ओर जाते दिखा, जिसे रोककर मोटर सायकल के बारे में पूछताछ की गई। पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने बताया कि घटना दिवस अपने छोटे भाई के साथ बस में बैठकर सोनहत से चरचा आया था और सरडी में पैदल घूमते समय एक घर के सामने से मोटर सायकल को चोरी कर अपने घर सलगवां ले गया था। उक्त व्यक्ति द्वारा बजाज पल्सर मोटर सायकल को अपने छोटे भाई विधि विरूद्ध बालक के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपी नागेन्द्र सोनवानी उर्फ विक्की आत्मज रामप्रसाद सोनवानी उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम सलगवां थाना सोनहत को चोरी हुई मोटर सायकल बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 16 सीएन 0522 को मौके पर से जब्त कर पुलिस अपने कब्जे में लिया गया है। आरोपी नागेन्द्र सोनवानी के छोटे भाई विधि विरूद्ध बालक को आरोपी नागेन्द्र के बताए अनुसार बैकुंठपुर से पकड़ा गया।

### सेक्टर आरईओ नदारद किसान हलाकान

**सोनहत।** विकासखंड़ मुख्यालय से लगे ग्राम कैलाशपुर के सेक्टर आरईओ अपने मुख्यालय में आए दिन न रहने वर्तमान किसानी के सीजन में किसानों को विभागीय यथोचित लाभ नहीं मिल पाने से आसपास ग्राम किसान परेशान नजर आने लगे हैं। संबंधित सेक्टर से जुड़े ग्राम कैलाशपुर, ओरंगई, बेलिया, केशगवां, जामपारा, तंजरा, पलारीदंड, ठकुरहथी के किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान किसानी के मौसम में विभागीय स्तर से मिलने वाले धान बीज, दलहन बीज के अलावा साधारण किसानी यंत्र आदि प्राप्त करने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

## अवैध रेत उत्खनन व परिवहन में लिप्त आधा दर्जन वाहनों पर खनिज अमले ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद मानसून काल में जिले में अवैध रेत उत्खनन व परिवहन बदस्तूर जारी है। अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई के लिए सूरजपुर कलेक्टर से मिले निर्देश के बाद शुक्रवार को खनिज अमले ने जयनगर क्षेत्र से छह वाहनों व सूरजपुर से तीन वाहन जो अवैध परिवहन में लगी थी, को पकड़कर सूरजपुर कोतवाली व जयनगर पुलिस के अभिरक्षा में खनिज टीम ने सौंपा है।

- जब्त वाहनों को किया पुलिस के सुपुर्द

खनिज इंस्पेक्टर नेहा टंडन की टीम ने सर्वप्रथम कोतवाली क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो रेत लोड वाहन व एक ईट लोड 912 वाहन को जब्त कर कोतवाली पुलिस को सौंपा है। उक्त ईंट लोड वाहन गणेश जायसवाल व रेत लोड वाहन मनोज साहू एवं मयंक जायसवाल की बताई गई है। जबकि जयनगर क्षेत्र में पकड़ी गई आधा दर्जन वाहनों में रेत लोड वाहन अभिषेक गुप्ता निवासी केनापारा, बीजू सरकार सिलफिली, दुर्गेश जायसवाल अंबिकापुर, भरोसा राम रजवार निवासी वीरपुर की रेत लोड वाहन 912, बीरसाय भगत सिलफिली व अवैध गिट्टी लोड हाईवा बरियो निवासी प्रिंस यादव की बताई गई है। खनिज अमले ने उक्त पकड़े गए सभी छह वाहनों को जयनगर पुलिस की अभिरक्षा में सौंपा है। सभी प्रकरणों को सूरजपुर कलेक्टर के समक्ष पेश करने की बात कही गई है। उक्त कर्रवाई में खनिज इंस्पेक्टर नेहा टंडन व उनकी टीम के खनिज सिपाही देवेंद्र साहू, नगर सैनिक ब्रजेश यादव, खूबचंद,रूप नारायण साहू सक्रिय रहे।

हरिभूमि आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736